# भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान इंदौर
## Indian Institute of Technology Indore
सिमरोल, खंडवा रोड, इंदौर - 453 552, भारत

www.iiti.ac.in


विज्ञापन सं. IITI/FACREC/SRD/2026/JUNE/10 30 जून, 2026

## विशेष भर्ती अभियान (बैकलॉग रिक्तियों) के अंतर्गत संकाय भर्ती हेतु विज्ञापन

1. भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान इंदौर (आईआईटी इंदौर), राष्ट्रीय महत्व का एक संस्थान, की स्थापना वर्ष 2009 में हुई थी। विगत वर्षों में, आईआईटी इंदौर ने स्वयं को देश के अग्रणी शोध संस्थानों में स्थापित किया है तथा यह संकाय सदस्यों के रूप में कार्य करने के इच्छुक शोधकर्ताओं के लिए एक प्रतिष्ठित एवं आकर्षक संस्थान के रूप में उभरा है।

2. आईआईटी इंदौर, **असिस्टेंट प्रोफेसर (ग्रेड I और II)** के स्तर पर विभिन्न विभाग/स्कूल में संकाय सदस्य के पदों के लिए भारतीय नागरिकों और ओसीआई से आवेदन आमंत्रित करता है।

3. ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि **21 जुलाई, 2026** है। पूर्ण आवेदन के साथ दस्तावेज **21 जुलाई, 2026 को भारतीय समयानुसार संध्या 5:00 बजे तक** अपलोड किए जाने चाहिए।

4. कुल रिक्तियों की संख्या: 44 (ओबीसी-एनसीएल – 15, एससी – 12, एसटी – 09, पीडब्ल्यूडी – 05, ईडब्ल्यूएस – 03)।

5. संकाय सदस्यों की भर्ती, विभागों/स्कूलों में उपलब्ध रिक्तियों और विशेषज्ञता के क्षेत्रों में आवश्यकता के आधार पर की जाएगी।

6. स्कूल और विभाग के निम्नलिखित क्षेत्रों में आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं:

| क्र.सं. | स्कूल/विभाग | क्षेत्र |
|---|---|---|
| (क) | खगोल विज्ञान, खगोल-भौतिकी एवं अंतरिक्ष अभियांत्रिकी (Astronomy, Astrophysics and Space Engineering) | • एटमॉस्फेरिक साइंस, जीएनएसएस एवं रिमोट सेंसिंग (रडार, हाइपरस्पेक्ट्रल) (Atmospheric Science, GNSS and Remote Sensing (RADAR, Hyperspectral))<br>• ऑप्टिकल/आईआर एस्ट्रोनॉमी से संबंधित इंस्ट्रूमेंटेशन, रिमोट सेंसिंग, वायुमंडलीय या अंतरिक्ष विज्ञान एवं अभियांत्रिकी (Instrumentation related to Optical/IR Astronomy, Remote Sensing, Atmospheric or Space Science and Engineering) |
| (ख) | जानपद अभियांत्रिकी (Civil Engineering) | • संरचनात्मक अभियांत्रिकी (Structural Engineering)<br>• भू-तकनीकी अभियांत्रिकी (Geotechnical Engineering)<br>• पर्यावरण अभियांत्रिकी (Environmental Engineering)<br>• परिवहन प्रणाली अभियांत्रिकी (Transportation Systems Engineering)<br>• जल संसाधन अभियांत्रिकी (Water Resources Engineering) |

| | | |
|---|---|---|
| (ग) | रसायन विज्ञान (Chemistry) | • सैद्धांतिक एवं संगणकीय रसायन विज्ञान (Theoretical and Computational Chemistry)<br>• बहुलक रसायन विज्ञान (Polymer Chemistry)<br>• औद्योगिक रसायन विज्ञान (Industrial Chemistry)<br>• चुंबकीय रसायन विज्ञान (Magnetochemistry) |
| (घ) | रासायनिक अभियांत्रिकी (Chemical Engineering) | • प्रायोगिक विद्युत-रसायन एवं बैटरी प्रौद्योगिकियाँ (Experimental Electrochemistry and Battery Technologies)<br>• प्रक्रिया नियंत्रण एवं गतिकी (Process Control and Dynamics)<br>• जैव-विनिर्माण (Bio-manufacturing)<br>• अर्धचालक (Semiconductors)<br>• नैनो प्रौद्योगिकी (Nanotechnology)<br>• सेपरेशन प्रोसेसेज़ (Separation Processes)<br>• नवीकरणीय ऊर्जा (Renewable Energy)<br>• क्रिटिकल मिनरल्स (Critical Minerals)<br>• बहुलक संश्लेषण (Polymer Synthesis) इत्यादि। |
| (ङ) | संगणक विज्ञान एवं अभियांत्रिकी (Computer Science and Engineering) | साइबर सुरक्षा (Cyber Security), एल्गोरिदम्स (Algorithms), सैद्धांतिक संणक विज्ञान (Theoretical Computer Science), एआई/एमएल (AI/ML), सिस्टम्स (Systems), नेटवर्क्स (Networks)। |
| (च) | विद्युतीय अभियांत्रिकी (Electrical Engineering) | • सूचना एवं कोडिंग सिद्धांत (Information and Coding Theory)<br>• संचार नेटवर्क (Communication Networks)<br>• क्वांटम मशीन लर्निंग (Quantum Machine Learning)<br>• क्वांटम संचार (Quantum Communications)<br>• वायरलेस संचार प्रणालियों हेतु प्रायोगिक टेस्टबेड विकास (Experimental Testbed Development for Wireless Communication Systems)<br>• स्पीच सिग्नल प्रोसेसिंग (Speech Signal Processing)<br>• कंप्यूटर विज़न (Computer Vision)<br>• एनालॉग एवं मिश्रित-सिग्नल आईसी डिजाइन (Analog and Mixed Signal IC Design)<br>• ऑप्टोइलेक्ट्रॉनिक्स एवं सिलिकॉन फोटोनिक्स (Optoelectronics, Silicon Photonics)<br>• क्वांटम प्रौद्योगिकी (Quantum Technology)<br>• अर्धचालक डिवाइस निर्माण एवं अनुप्रयोग (Semiconductor Device Fabrication and Applications) *(विशेषतः क्लीनरूम सुविधाओं में विशेषज्ञता वांछनीय (Preferably Expertise in Cleanroom Facilities))*<br>• डिजिटल आईसी डिजाइन (Digital IC Design)<br>• टेस्टिंग एवं वेरिफिकेशन (Testing and Verification)<br>• कंप्यूटर आर्किटेक्चर (Computer Architecture)<br>• एआई हार्डवेयर एक्सेलरेटर्स (AI Hardware Accelerators)<br>• सॉलिड-स्टेट सर्किट डिजाइन (Solid State Circuit Design)<br>• फोटोनिक आईसी डिजाइन (Photonic IC Design)<br>• आरएफ आईसी डिजाइन (RF IC Design) |

| | | |
|---|---|---|
| | | • आरएफ सर्किट एवं सिस्टम डिजाइन (RF Circuit and System Design)<br>• इलेक्ट्रोमैग्नेटिक इंटरफेरेंस एंड कंपैटिबिलिटी (Electromagnetic Interference and Compatibility)<br>• पल्स्ड पावर सिस्टम्स (Pulsed Power Systems)<br>• हाई पावर कन्वर्टर्स, जैसे ईवी चार्जर्स (High Power Converters, e.g., EV Chargers)<br>• विद्युत मशीनें एवं ड्राइव (Electric Machines and Drives)<br>• पावर सिस्टम्स (Power Systems)<br>• कंट्रोल ऑफ मल्टी-एजेंट सिस्टम्स (Control of Multi-Agent Systems)<br>• रोबोटिक्स (Robotics)<br>• डेटा-ड्रिवन एवं लर्निंग-आधारित कंट्रोल (Data-Driven and Learning-based Control) |
| (छ) | मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान (Humanities and Social Sciences) | **अर्थशास्त्र (Economics):** वित्तीय अर्थशास्त्र (Financial Economics), मौद्रिक अर्थशास्त्र (Monetary Economics), लोक वित्त (Public Finance), गणितीय अर्थशास्त्र (Mathematical Economics), समष्टि अर्थशास्त्र (Macroeconomics), खेल सिद्धांत (Game Theory), अंतरराष्ट्रीय व्यापार एवं वित्त (International Trade and Finance), औद्योगिक संगठन (Industrial Organization), अर्थमिति एवं संबद्ध क्षेत्र (Econometrics and Allied Areas)।<br>**मनोविज्ञान (Psychology):** संज्ञानात्मक प्रणालियाँ (Cognitive Systems), अनुप्रयुक्त संज्ञान (Applied Cognition), संज्ञानात्मक मॉडलिंग (Cognitive Modeling), मनो-शारीरिकी (Psychophysiology), न्यूरो-मार्केटिंग (Neuro-marketing), सामाजिक मनोविज्ञान (Social Psychology), संगठनात्मक व्यवहार (Organizational Behaviour), व्यक्तित्व अध्ययन एवं संबद्ध क्षेत्र (Personality Studies and Allied Areas)।<br>**समाजशास्त्र (Sociology):** लैंगिक समाजशास्त्र (Sociology of Gender), चिकित्सा समाजशास्त्र (Medical Sociology), प्रवास का समाजशास्त्र (Sociology of Migration), नगरीय समाजशास्त्र (Urban Sociology), विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी का समाजशास्त्र (Sociology of Science and Technology)। |
| (ज) | गणित (Mathematics) | **सांख्यिकी (Statistics), वित्तीय गणित (Financial Mathematics), सैद्धांतिक संगणक विज्ञान (Theoretical Computer Science), कंप्यूटर नेटवर्क्स (Computer Networks), ऑपरेटिंग सिस्टम्स (Operating Systems), डेटा विज्ञान (Data Science), कोर एआई-एमएल एल्गोरिद्म (Core AI-ML Algorithms)**<br>**शैक्षणिक योग्यताएँ:**<br>**<u>गणितीय विज्ञान (Mathematical Sciences) पृष्ठभूमि हेतु:</u>** गणित/सांख्यिकी/संचालन अनुसंधान (Mathematics/Statistics/Operations Research) में एम.एससी. (M.Sc.) अथवा समकक्ष उपाधि तथा संबंधित क्षेत्र में पीएच.डी. (Ph.D.)।<br>**<u>कंप्यूटर विज्ञान (Computer Science) पृष्ठभूमि हेतु:</u>** कंप्यूटर विज्ञान/गणित एवं कंप्यूटिंग/सूचना प्रौद्योगिकी (Computer Science/Mathematics and Computing/Information |

| | | |
|---|---|---|
| | | Technology) में बी.ई./बी.टेक./बी.एस. (B.E./B.Tech./B.S.) तथा संबंधित क्षेत्र में पीएच.डी. (Ph.D.)। |
| (झ) | यांत्रिक अभियांत्रिकी (Mechanical Engineering) | • अभिकल्प अभियांत्रिकी (Design Engineering)<br>• तापीय अभियांत्रिकी (Thermal Engineering)<br>• विनिर्माण अभियांत्रिकी (Manufacturing Engineering)<br>• औद्योगिक अभियांत्रिकी (Industrial Engineering) |
| (ञ) | धातुकर्म अभियांत्रिकी एवं पदार्थ विज्ञान (Metallurgical Engineering and Materials Science) | क्वांटम पदार्थ एवं प्रौद्योगिकी (Quantum Materials and Technology), जैव-पदार्थ (Biomaterials), उन्नत सिरेमिक (Advanced Ceramics), अभिकल्पित बहुलक एवं समिश्र पदार्थ (Engineered Polymers and Composites), प्रक्रम धातुकर्म (Process Metallurgy), संगणकीय पदार्थ विज्ञान (Computational Materials), पदार्थ सूचना विज्ञान (Materials Informatics)। |
| (ट) | मेहता फैमिली स्कूल ऑफ सस्टेनेबिलिटी (Mehta Family School of Sustainability) | **पर्यावरण अर्थशास्त्र (Environmental Economics) में विशेषज्ञता के क्षेत्र:** खेल सिद्धांत (Game Theory), पर्यावरण अर्थशास्त्र (Environmental Economics), प्राकृतिक संसाधन अर्थशास्त्र (Natural Resource Economics), व्यवहारिक अर्थशास्त्र (Behavioral Economics), अनुकूलन अध्ययन (Optimization Studies), पारिस्थितिक अर्थशास्त्र (Ecological Economics), संस्थागत अर्थशास्त्र (Institutional Economics), मुद्रा बैंकिंग (Money Banking), व्यवसाय प्रबंधन एवं कॉर्पोरेट वित्त (Business Management and Corporate Finance)। |
| (ठ) | मेहता फैमिली स्कूल ऑफ बायोसाइंसेज़ एंड बायोमेडिकल इंजीनियरिंग (Mehta Family School of Biosciences and Biomedical Engineering) | • जैविक, जैव-चिकित्सीय एवं स्वास्थ्य देखभाल डेटा के लिए एआई/एमएल/डीएल (AI/ML/DL for Biological/Biomedical/Healthcare Data)<br>• चिकित्सा छवि विश्लेषण हेतु कंप्यूटर विज़न (Computer Vision for Medical Image Analysis)<br>• संगणनात्मक स्वास्थ्य सूचना विज्ञान (Computational Health Informatics)<br>• संगणनात्मक मल्टी-ओमिक्स डेटा विज्ञान (Computational Multi-OMICS Data Science)<br>• संगणनात्मक महामारी विज्ञान (Computational Epidemiology)<br>• इंटरनेट ऑफ मेडिकल थिंग्स (Internet of Medical Things)<br>• वियरेबल हेल्थकेयर उपकरण (Wearable Healthcare Devices)<br>• एआई आधारित स्वास्थ्य निगरानी प्रणालियाँ (AI-driven Health Monitoring Systems)<br>• जीवविज्ञान एवं जैव-चिकित्सीय अभियांत्रिकी के व्यापक क्षेत्रों में प्रबल आवेदनों (संस्थान की आवश्यकताओं के अनुसार) पर भी विचार किया जा सकता है। (• Strong applications across broader areas of Biosciences and Biomedical Engineering (as per the requirements) may also be considered.) |

| | | |
|---|---|---|
| (ड) | भौतिकी (Physics) | हम ऐसे उत्कृष्ट अभ्यर्थियों की आवश्यकता है जो सशक्त अनुसंधान कार्यक्रम स्थापित करने में सक्षम हों तथा स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर पर क्वांटम प्रौद्योगिकी (Quantum Technology) से संबंधित पाठ्यक्रमों के अध्यापन एवं विद्यार्थियों के मार्गदर्शन में सक्रिय योगदान दें। जिन अभ्यर्थियों का अनुसंधान विभाग की वर्तमान विशेषज्ञताओं के लिए उपयुक्त हो, उन्हें आवेदन करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। तथापि, जिन आवेदनों में विभाग में उपलब्ध वर्तमान विशेषज्ञता के साथ पर्याप्त समानता (overlap) पाई जाएगी, उन पर विचार नहीं किया जाएगा।<br><br>**(i) क्वांटम कंप्यूटिंग (Quantum Computing) – विशिष्ट अभिरुचि के क्षेत्र (Specific Areas of Interest):**<br>• बहु-कणीय क्वांटम प्रणालियों में क्वांटम नियंत्रण एवं सुसंगति (Quantum Control and Coherence in Many-body Quantum Systems)<br>• प्रबल सहसंबद्ध पदार्थों का क्वांटम अनुकरण (Quantum Simulation of Strongly Correlated Materials) *(DFT Modelling को छोड़कर)*<br>• क्वांटम त्रुटि सुधार एवं दोष-सहिष्णु संरचनाएँ (Quantum Error Correction and Fault-tolerant Architectures)<br>• क्वांटम मापन एवं प्रतिपुष्टि प्रक्रियाएँ (Quantum Measurement and Feedback Processes)<br>• क्वांटम ऊष्मागतिकी एवं असंतुलित क्वांटम गतिकी (Quantum Thermodynamics and Non-equilibrium Quantum Dynamics)<br>• हाइब्रिड क्वांटम प्रणालियाँ एवं इंटरफेस (Hybrid Quantum Systems and Interfaces)<br>• क्वांटम मापविज्ञान एवं परिशुद्ध मापन (Quantum Metrology and Precision Measurement)<br>• कृत्रिम बुद्धिमत्ता: क्वांटम प्रणालियों में अनुप्रयोग (Artificial Intelligence: Applications in Quantum Systems)<br>• क्वांटम फोटोनिक्स (Quantum Photonics)<br><br>**(ii) सांख्यिकीय भौतिकी (Statistical Physics) – विशिष्ट अभिरुचि के क्षेत्र (Specific Areas of Interest):**<br>• क्वांटम बहु-कणीय प्रणालियाँ, क्वांटम क्रिटिकल फिनॉमेना, एंटैंगलमेंट स्केलिंग, लैटिस/कॉन्टिन्यूम मॉडल्स में क्वांटम फेज ट्रांजिशन्स (Quantum many-body systems, quantum critical phenomena, entanglement scaling, quantum phase transitions in lattice/continuum models)<br>• फिजिकल सिस्टम्स में स्टोकास्टिक प्रक्रियाएँ, डिसऑर्डर्ड सिस्टम्स, रैंडम फील्ड मॉडल, लोकलाइज़ेशन फिनॉमेना (Stochastic processes in physical systems, Disordered systems, random field models, localization phenomena)<br>• नॉन-इक्विलिब्रियम थर्मोडायनेमिक्स एवं ट्रांसपोर्ट फिनॉमेना (Nonequilibrium Thermodynamics and Transport Phenomena)<br>• फ्लक्चुएशन थिओरम्स, लार्ज डिविएशन थ्योरी, क्रिटिकैलिटी एवं |

| | | |
|---|---|---|
| | | फेज ट्रांजिशन्स (Fluctuation Theorems, Large Deviation Theory, Criticality, and Phase Transitions)<br>• सूक्ष्म एवं कठोर संघनित पदार्थ में क्रिटिकल फिनॉमेना एवं स्केलिंग (Critical Phenomena and Scaling in Soft and Hard Condensed Matter)<br>• विक्षुब्ध प्रवाह एवं द्रवगतिकी के लिए सांख्यिकीय भौतिकी आधारित दृष्टिकोण (Statistical Physics Approaches to Turbulence and Hydrodynamics)<br>• सातत्य में परस्पर क्रिया करने वाले कणों के सांख्यिकीय मॉडल (Statistical Models of Interacting Particles in Continuum)<br>• जटिल प्रणालियाँ (Complex Systems) |
| (ढ) | नवाचार विद्यालय (School of Innovation) | • फोटो एवं वीडियो संचार; तथा डिजिटल मीडिया (Photo and Video Communication; and Digital Media)<br>• डिजिटल कंटेंट क्रिएशन सहित शैक्षणिक प्रौद्योगिकियाँ (Educational Technologies including Digital Content Creation) |

7. आईआईटी इंदौर के संबंध में अधिक जानकारी संस्थान की वेबसाइट www.iiti.ac.in पर उपलब्ध है।

8. **सभी विभागों/स्कूलों के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव संबंधी आवश्यकताएँ:**

असिस्टेंट प्रोफेसर ग्रेड I व II पद के लिए न्यूनतम आवश्यकताएँ इस प्रकार हैं:

**(क) असिस्टेंट प्रोफेसर ग्रेड II:**

(i) **शैक्षणिक योग्यता**: संबंधित ब्रांच में पूर्ववर्ती डिग्री में प्रथम श्रेणी या उसके समकक्ष के साथ पीएच.डी. तथा संपूर्ण शैक्षणिक रिकॉर्ड बहुत अच्छा होना चाहिए।

(ii) असिस्टेंट प्रोफेसर ग्रेड II का पद अनुबंध के आधार पर होगा।

(iii) **आयु:** अधिकतम 32 वर्ष

**(ख) असिस्टेंट प्रोफेसर ग्रेड I:**

(i) **शैक्षणिक योग्यता**: संबंधित ब्रांच में पूर्ववर्ती डिग्री में प्रथम श्रेणी या उसके समकक्ष के साथ पीएच.डी. तथा संपूर्ण शैक्षणिक रिकॉर्ड बहुत अच्छा होना चाहिए।

(ii) **अनुभव:** न्यूनतम **तीन वर्ष** का औद्योगिक/अनुसंधान/शिक्षण अनुभव, **लेकिन, पीएच.डी. करते समय प्राप्त अनुभव को छोड़कर।**

(iii) **आयु:** अधिकतम 35 वर्ष।

9. **नवाचार विद्यालय (School of Innovation) के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव संबंधी आवश्यकताएँ**:

असिस्टेंट प्रोफेसर ग्रेड I व II पद के लिए न्यूनतम आवश्यकताएँ इस प्रकार हैं:

**(क) असिस्टेंट प्रोफेसर ग्रेड II:**

(i) पीएच.डी. वाले अभ्यर्थियों के लिए योग्यता एवं अनुभव संबंधी मापदंड संस्थान के सामान्य पात्रता मापदंडों के अनुसार होंगे (संदर्भ: बिंदु 8 (क))।

(ii) जिन अभ्यर्थियों के पास पीएच.डी. की डिग्री नहीं है, परंतु वे असिस्टेंट प्रोफेसर ग्रेड I के सभी पात्रता मापदंडों को पूरा करते हैं तथा उनके पास केवल 5 वर्ष या उससे अधिक का शिक्षण/अनुसंधान/व्यावसायिक अनुभव है, उन्हें अनुभव के वर्षों के आधार पर उपयुक्त वेतनमान में असिस्टेंट प्रोफेसर ग्रेड II के पद पर नियुक्त किया जा सकता है। असिस्टेंट प्रोफेसर ग्रेड I के लिए निर्धारित अनुभव संबंधी मापदंडों को पूरा करने के उपरांत उन्हें असिस्टेंट प्रोफेसर ग्रेड I पर पदस्थापित कर दिया जाएगा।

(iii) असिस्टेंट प्रोफेसर ग्रेड II का पद अनुबंध के आधार पर होगा।

(iv) **आयु:** अधिकतम 32 वर्ष।

**(ख) असिस्टेंट प्रोफेसर ग्रेड I:**

(i) पीएच.डी. वाले अभ्यर्थियों के लिए योग्यता एवं अनुभव संबंधी मापदंड संस्थान के सामान्य पात्रता मापदंडों के अनुसार होंगे (संदर्भ: बिंदु 8 (ख))।

(ii) जिन अभ्यर्थियों के पास पीएच.डी. की उपाधि नहीं है, उनके लिए न्यूनतम 8 वर्ष का शिक्षण/अनुसंधान/व्यावसायिक अनुभव आवश्यक है। तथापि, ऐसे अभ्यर्थियों को आईआईटी इंदौर में कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से 5 वर्षों के भीतर पीएच.डी. की उपाधि प्राप्त करना अनिवार्य होगा।

(iii) **आयु:** अधिकतम 35 वर्ष।

10. **वेतन संरचना:**

7वें सीपीसी के अनुसार विभिन्न पदों के लिए वेतन संरचना इस प्रकार है:

| पद | वेतन स्तर | न्यूनतम मूल वेतन/माह (₹) | एचआरए सहित कुल परिलब्धियाँ* (₹) |
|---|---|---|---|
| असिस्टेंट प्रोफेसर ग्रेड II | 10 | 70,900/- | 1,39,140/- |
| असिस्टेंट प्रोफेसर ग्रेड I | 12 | 1,01,500/- | 1,94,220/- |

* यदि परिसर में आवास उपलब्ध कराया जाता है, तो एचआरए देय नहीं होगा।

**इन पदों पर भारत सरकार के नियमों के अनुसार डीए, एचआरए और परिवहन भत्ता (टीए) जैसे भत्ते दिए जाते हैं, जो वर्तमान में इंदौर में पदस्थ केंद्र सरकार के कर्मचारियों के लिए स्वीकार्य हैं। एलटीसी, बाल शिक्षा भत्ता और नई पेंशन योजना (एनपीएस) में योगदान का लाभ भारत सरकार के नियमों के अनुसार स्वीकार्य होगा।**

11. **सहायता/भत्ते/सुविधाएँ:** शिक्षा मंत्रालय के अनुसार प्रदान की जाने वाली अन्य सहायता/भत्ते इस प्रकार हैं:

(क) संचयी व्यावसायिक विकास भत्ता (सीपीडीए): सम्मेलनों में शोध पत्र प्रस्तुत करने और पेशेवर निकायों की सदस्यता शुल्क और अकादमिक/अनुसंधान से संबंधित आकस्मिक व्यय के लिए प्रतिपूर्ति के आधार पर, 3 वर्ष की प्रत्येक ब्लॉक अवधि के लिए 3 लाख रुपये का सीपीडीए उपलब्ध कराया जा सकता है।

(ख) स्थानांतरण भत्ता: स्वयं और जीवनसाथी के लिए हवाई किराया और वस्तुओं के परिवहन की लागत की प्रतिपूर्ति के लिए विदेश से चयनित होने वाले संकाय सदस्यों के लिए ₹1,00,000/- तक के स्थानांतरण शुल्क की प्रतिपूर्ति। भारत के भीतर से चयनित होने वाले संकाय सदस्यों हेतु, ₹75,000/- तक की प्रतिपूर्ति में स्वयं और परिवार के आने का किराया एवं वस्तुओं का परिवहन शुल्क। **भारत सरकार के निर्देशों के अनुरूप, रेल/हवाई यात्रा के टिकट केवल आईआरसीटीसी अथवा अधिकृत यात्रा एजेंसियों, अर्थात् मेसर्स बाल्मर लॉरी एंड कंपनी लिमिटेड तथा मेसर्स अशोक ट्रैवल्स एंड टूर्स (वेबसाइट/बुकिंग काउंटर/कार्यालय के माध्यम से) से ही बुक किए जाने चाहिए। किसी अन्य माध्यम से की गई बुकिंग दावे के लिए स्वीकार्य नहीं होगी।**

(ग) चिकित्सा सुविधा: कर्मचारियों और उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के लिए इंदौर के प्रमुख अस्पतालों में कैशलेस आउट-पेशेंट डिपार्टमेंट (ओपीडी) एवं इन-पेशेंट डिपार्टमेंट (आईपीडी) चिकित्सा सुविधा, साथ ही अच्छी सुविधाओं वाला संस्थान स्वास्थ्य केंद्र।

(घ) बाल शिक्षा भत्ता (सीईए): सीईए की प्रतिपूर्ति स्कूल जाने वाले दो सबसे बड़े बच्चों की फीस प्रतिपूर्ति का दावा करने के लिए लागू होगी, यानी कक्षा नर्सरी से बारहवीं तक के बच्चों के लिए भारत सरकार के मापदंडों के अनुसार प्रति बच्चा ₹2,812.50/- प्रतिमाह की दर से।

(ङ) संचार शुल्क: संचार शुल्क की प्रतिपूर्ति संस्थान/भारत सरकार के नियमों के अनुसार की जाएगी।

(च) आवास सुविधा: संस्थान सभी संकाय सदस्यों के लिए उपयुक्त आवास प्रदान करने का प्रयास करता है। उपलब्धता के अनुसार, कर्मचारी को एचआरए के बदले में संस्थान के परिसर में आवास/निवास प्रदान किया जा सकता है। संस्थान में पदभार ग्रहण करने के बाद, अतिथि गृह/एचओआर (HoR) में प्रारंभिक 21 दिनों की अवधि के लिए आवास प्रदान किया जा सकता है। इस संबंध में, ₹ 2500/- की टोकन राशि का भुगतान या तो अधिकारी द्वारा किया जाएगा या इन 21 दिनों की अवधि के लिए आवास शुल्क के लिए उनके एचआरए से कटौती की जाएगी।

(छ) अनुसंधान एवं विकास सुविधाएँ: सभी विभागों और केंद्रों में अनुसंधान और विकास गतिविधियों के लिए सुविधाएँ मौजूद हैं। इन्हें समसामयिक उपकरणों और सेवाओं के साथ लगातार आधुनिक बनाया जा रहा है। कंप्यूटिंग के लिए भी अच्छी सुविधाएँ मौजूद हैं। इसके साथ, संस्थान में एक समृद्ध पुस्तकालय है।

(ज) यंग फैकल्टी इंटरनेशनल ड्रीम लैब रिसर्च एक्सपीरियंस ग्रांट: युवा संकाय सदस्यों को दुनिया भर के प्रमुख संस्थानों/विश्वविद्यालयों में विजिट करने का अवसर प्रदान करके, अत्याधुनिक अनुसंधान क्षेत्रों में उच्च-स्तरीय अनुसंधान प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए ₹5 लाख तक का अनुदान प्रदान किया जाएगा।

(झ) युवा संकाय सदस्य के साथ स्नातक के छात्रों के लिए अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देना: आईआईटी इंदौर में स्नातक के नामांकित छात्रों के साथ अनुसंधान और नवाचार के लिए मिलकर काम करने हेतु युवा संकाय सदस्यों को ₹5 लाख तक का अनुदान प्रदान किया जाएगा।

(ञ) सर्वश्रेष्ठ प्रौद्योगिकी विकास के लिए रिसर्च सीड ग्रांट: प्रौद्योगिकी को व्यावसायीकरण की ओर ले जाने के लिए 5 सर्वश्रेष्ठ तकनीकों के लिए ₹2 लाख का सीड ग्रांट प्रदान किया जाएगा।

(ट) <u>अन्य सुविधाएँ:</u> परिसर में दिन-प्रतिदिन की अधिकांश सुविधाएँ उपलब्ध हैं, जिसमें बैंक, डाकघर, स्मॉल शॉपिंग सेंटर, बच्चों के लिए केन्द्रीय विद्यालय, बेहतरीन सुसज्जित अस्पताल, खेल सुविधाएँ और मैदानी खेलों के लिए खेल का बड़ा मैदान शामिल है।

12. **<u>अनुसूचित जाति (SC)/अनुसूचित जनजाति (ST)/अन्य पिछड़ा वर्ग–गैर क्रीमी लेयर (OBC-NCL)/दिव्यांगजन (PwD)/आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWS) के अभ्यर्थियों हेतु आरक्षण एवं छूट:</u>** अनुसूचित जाति (SC), अनुसूचित जनजाति (ST), अन्य पिछड़ा वर्ग–गैर क्रीमी लेयर (OBC-NCL) तथा दिव्यांगजन (PwD) अभ्यर्थियों के लिए भारत सरकार के नियमों के अनुसार आरक्षण एवं छूट लागू होगी। आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWS) के अंतर्गत आरक्षण का लाभ**,** भारत सरकार के मापदंडों के अनुसार निर्धारित प्रारूप में सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी आय एवं संपत्ति प्रमाण-पत्र (Income and Asset Certificate) प्रस्तुत करने पर प्राप्त किया जा सकता है। अभ्यर्थियों को अपने दावे के समर्थन में आवेदन पत्र के साथ सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्धारित प्रारूप में जारी मान्य अनुसूचित जाति (SC)/अनुसूचित जनजाति (ST)/अन्य पिछड़ा वर्ग–गैर क्रीमी लेयर (OBC-NCL)/आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWS)/दिव्यांगता प्रमाण-पत्र (Disability Certificate) सबमिट करना अनिवार्य होगा।

13. **आवेदन को शैक्षणिक योग्यता के पूर्ण विवरण के साथ पूरा किया जाना चाहिए, जिसमें पीएच.डी. डिग्री प्राप्त करने का वर्ष, डिफेंस की तिथि और प्रकाशनों की सूची (बेहतरीन शोध पत्रों के पुनर्मुद्रण के साथ), शिक्षण / अनुसंधान / औद्योगिक अनुभव, जन्मतिथि प्रदान करने के साथ-साथ कम से कम तीन रेफरी के नाम और संपर्क विवरण ऑनलाइन आवेदन पोर्टल के आवश्यक विवरण शामिल है।**

14. **<u>सामान्य निर्देश:</u>**

(क) जिन आवेदकों पर पुराने विज्ञापनों के तहत पहले शॉर्टलिस्ट नहीं किया गया था, उन्हें नए सिरे से आवेदन करना होगा।

(ख) यदि आवेदक एक से अधिक पद के लिए आवेदन कर रहे हैं, तो प्रत्येक पद के लिए अलग-अलग आवेदन सबमिट करना होगा।

(ग) **आवेदकों द्वारा प्राप्त डिग्री किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान द्वारा प्रदान की गई होनी चाहिए। पीएचडी डिफेंस की तिथि सहित सभी शैक्षणिक योग्यता अंकपत्रों/प्रमाण पत्रों को सबमिट/अपलोड करना होगा। पदनाम, वेतन (पिछले 3 माह की पे स्लिप) और कार्यकाल का उल्लेख करने वाले सभी अनुभव प्रमाणपत्रों पर नियोक्ता द्वारा विधिवत हस्ताक्षर और मोहर होना चाहिए।**

(घ) किसी भी मामले में विदेशी पासपोर्ट वाले अभ्यर्थियों के लिए विदेश और गृह मंत्रालय से राजनीतिक और सुरक्षा मंजूरी आवश्यक है।

(ङ) संस्थान केवल उन अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए बुलाने का अधिकार सुरक्षित रखता है जिन्हें उनकी योग्यता, अनुभव, शोध, प्रकाशन रिकॉर्ड और व्यक्तिगत शैक्षणिक विद्यालय (स्कूल)/ विभाग की आवश्यकताओं के आधार पर शॉर्टलिस्ट किया गया हो।

(च) संस्थान के पास उपर्युक्त और/अथवा किसी अन्य विशेषज्ञता/विभाग/स्कूल में पदों की संख्या बढ़ाने या घटाने तथा पदों को भरने या न भरने का अधिकार सुरक्षित है। इसके अतिरिक्त, संबंधित विभाग/स्कूल की विशिष्ट आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए, शॉर्टलिस्टिंग के दौरान संस्थान भिन्न अथवा उच्चतर मापदंड निर्धारित करने का अधिकार भी सुरक्षित रखता है।

(छ) आवेदन पत्र में प्रदान की गई जानकारी की सत्यता के लिए अभ्यर्थी स्वयं पूर्णतः उत्तरदायी होगा। यदि किसी भी समय ऐसा पाया जाता है कि आवेदन में दी गई कोई जानकारी असत्य, गलत अथवा भ्रामक है, तो अभ्यर्थिता/नियुक्ति को निरस्त/समाप्त किया जा सकता है।

(ज) अभ्यर्थियों को यह सुनिश्चित करना होगा कि आवेदन पत्र में दर्ज किया गया उनका नाम मैट्रिकुलेशन/माध्यमिक परीक्षा

प्रमाण-पत्र, अर्हकारी परीक्षा प्रमाण-पत्र अथवा किसी सरकारी फोटो पहचान-पत्र में अंकित नाम से पूर्णतः मेल खाता हो। बाद में, नाम में किसी प्रकार के परिवर्तन की अनुमति नहीं दी जाएगी।

(झ) संस्थान को बिना कोई कारण बताए किसी भी समय विज्ञापित पद/पदों को वापस लेने का अधिकार सुरक्षित है।

(ञ) किसी पद के लिए निर्धारित शैक्षणिक योग्यता, अनुभव तथा अन्य शैक्षणिक आवश्यकताओं को मात्र पूरा कर लेने से आवेदन के शॉर्टलिस्ट किए जाने अथवा साक्षात्कार हेतु बुलाए जाने की कोई गारंटी नहीं होगी।

(ट) अभ्यर्थी के आवेदन पर केवल उसी पद के संदर्भ में विचार किया जाएगा, जिसके लिए अभ्यर्थी ने आवेदन किया है।

(ठ) निर्धारित शॉर्टलिस्टिंग मापदंडों के आधार पर आवेदनों को प्रोसेस पर किया जाएगा। केवल शॉर्टलिस्ट किए गए अभ्यर्थियों से आवेदन पत्र में उनके द्वारा प्रदान किए गए ई-मेल पते के माध्यम से संपर्क किया जाएगा।

(ड) असाधारण योग्यता वाले अभ्यर्थियों के लिए न्यूनतम पात्रता मापदंड में छूट दी जा सकती है।

(ढ) यदि अभ्यर्थी को व्यक्तिगत रूप से साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किया जाता है, तो उसे अपने मूल प्रमाण-पत्रों तथा उनकी स्वप्रमाणित छायाप्रतियाँ साथ लानी होंगी। ऐसा न करने की स्थिति में उसकी अभ्यर्थिता निरस्त की जा सकती है।

(ण) साक्षात्कार के लिए बुलाए गए आवेदकों को भारत में उनके वर्तमान निवास के निकटतम शहर से सबसे छोटे मार्ग से इकोनॉमी क्लास द्वारा आने-जाने के हवाई किराए या II एसी रेल किराए की प्रतिपूर्ति की जाएगी। भारत सरकार के निर्देशों के अनुसार, हवाई यात्रा/रेल यात्रा के लिए टिकट **आईआरसीटीसी या अधिकृत ट्रैवल एजेंटों जैसे मेसर्स बामर लॉरी एंड कंपनी लिमिटेड और मेसर्स अशोक ट्रेवल्स एंड टूर्स** (वेबसाइट/बुकिंग काउंटर/कार्यालय के माध्यम से) से बुक किया जाना चाहिए। **किसी अन्य माध्यम से की गई बुकिंग दावे के लिए स्वीकार्य नहीं होगी।**

(त) विदेश में रहने वाले अभ्यर्थियों का साक्षात्कार सामान्यतः वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित किया जाएगा तथा ऐसे अभ्यर्थियों को किसी प्रकार का प्रतिपूर्ति देय नहीं होगी। तथापि, यदि कोई विदेशस्थित अभ्यर्थी चयन समिति की बैठक के समय भारत में उपस्थित हो, तो साक्षात्कार हेतु बुलाए जाने पर उसे व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होना होगा।

(थ) साक्षात्कार की प्रक्रिया, परिणाम, साक्षात्कार हेतु न बुलाए जाने अथवा चयन न होने के कारणों के संबंध में अभ्यर्थियों से किसी भी प्रकार का पत्राचार/अनुरोध स्वीकार नहीं किया जाएगा।

(द) **ऐसे अभ्यर्थी जो केंद्र/राज्य सरकार, अर्द्ध-सरकारी संस्थानों, स्वायत्त निकायों/संस्थानों अथवा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में कार्यरत हैं, उन्हें अपना आवेदन विधिवत माध्यम (Proper Channel) से प्रेषित करना होगा। ऐसे अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के समय अपने नियोक्ता द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण-पत्र (No Objection Certificate) तथा सतर्कता मंजूरी प्रमाण-पत्र (Vigilance Clearance Certificate) प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।**

(ध) आईआईटी इंदौर शैक्षणिक एवं अनुसंधान में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी को प्रोत्साहित करता है। अतः महिला अभ्यर्थियों को इन पदों के लिए आवेदन करने हेतु विशेष रूप से प्रोत्साहित किया जाता है।

(न) सभी आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों, जिनमें दिव्यांगजन भी शामिल हैं, जो निर्धारित पात्रता मापदंडों को पूरा करते हैं, को आवेदन करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

(ऩ) शॉर्टलिस्टिंग/चयन प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की अनजाने में हुई त्रुटि, जो किसी भी चरण में, यहाँ तक कि नियुक्ति प्रस्ताव जारी होने के बाद भी, संज्ञान में आती है, की स्थिति में संस्थान के पास अभ्यर्थियों को जारी किसी भी सूचना/संचार को संशोधित, वापस लेने अथवा निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित होगा।

(प) इस विज्ञापन से उत्पन्न किसी भी दावे अथवा विवाद से संबंधित किसी भी विधिक कार्यवाही की शुरुआत केवल इंदौर में की जा सकेगी तथा ऐसे सभी मामलों/विवादों की सुनवाई एवं निस्तारण हेतु इंदौर स्थित न्यायालयों/न्यायाधिकरणों का ही एकमात्र एवं विशिष्ट अधिकार क्षेत्र होगा।

(फ) संस्थान अभ्यर्थी द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों तथा उसके पृष्ठभूमि संबंधी विवरण का सत्यापन उसकी सेवा अवधि के दौरान किसी भी समय कर सकता है। यदि यह पाया जाता है कि अभ्यर्थी द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज जाली/नकली हैं अथवा उसने अपनी पृष्ठभूमि से संबंधित कोई महत्वपूर्ण जानकारी छिपाई है या गलत जानकारी प्रदान की है, तो उसकी सेवा तत्काल प्रभाव से समाप्त की जा सकती है तथा उसके विरुद्ध विधिसम्मत कानूनी कार्रवाई भी की जा सकती है।

15. **आवेदन प्रक्रिया एवं आवेदन-पत्र सबमिट करना**

(क) अभ्यर्थियों को संस्थान की वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन करना होगा: ऑनलाइन आवेदन करने हेतु यहाँ क्लिक करें (Click here to apply ONLINE).। **आवेदन पत्र भरने संबंधी निर्देश आवेदन पोर्टल पर उपलब्ध हैं। आवेदन भरते समय कृपया उन निर्देशों का सावधानीपूर्वक पालन करें।**

(ख) उपरोक्त लिंक के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन भरना **अनिवार्य** है। केवल ऑनलाइन भरे गए आवेदनों पर ही स्क्रीनिंग हेतु विचार किया जाएगा। आवेदन की हार्ड कॉपी अथवा ई-मेल के माध्यम से भेजी गई सॉफ्ट कॉपी स्वीकार नहीं की जाएगी।

(ग) सभी प्रमाण-पत्रों को ऑनलाइन आवेदन-पत्र के साथ **पीडीएफ (PDF) फ़ाइल** में अपलोड करना अनिवार्य होगा।

(घ) **अभ्यर्थियों को भविष्य के लिए भरे हुए आवेदन-पत्र की एक प्रति अपने पास सुरक्षित रखनी चाहिए।**

(ङ) अभ्यर्थियों को अपने रेफरी से अनुरोध करना होगा कि वे उनके अनुशंसा-पत्र (Reference Letters) ई-मेल के माध्यम से fac.recruit@iiti.ac.in पर भेजें।

(च) किसी भी सहायता के लिए, कृपया fac.recruit@iiti.ac.in पर ईमेल करें या सोमवार से शुक्रवार के बीच सुबह 10:00 बजे से शाम 05:00 बजे तक +91(0)731-6603556/3488 (एक्सटेंशन 3556/3488) पर कॉल करें।

**#विज्ञापन के हिंदी संस्करण में किसी भी प्रकार की विसंगति पाए जाने पर, अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।**

**अधोहस्ताक्षरी/-**
**कुलसचिव**